# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2026/ 22562 रायपुर, दिनांक : 17/07/2026

## संविदा भर्ती (Walk-in) हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जिले की स्वीकृत आर.ओ.पी.के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। इस हेतु इच्छुक अहर्ताधारी उम्मीदवार वाक–इन भर्ती हेतु समय सारिणी अनुसार निर्धारित तिथी, समय एवं स्थान पर आवेदन कर सकते है। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

| Sr. No. | Name of post | Name of programme | Salary per Month | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2nd ANM | NHM | 12000 | 2 | 01 (PWBD OL,LV,OA ,DW, HH,AAV, LC) | - | - | 01 (PWBD OL,LV,OA ,DW,HH, AAV, LC) | 12th Passed, ANM Passed from INC affiliated Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. |
| 2 | Nursing Officer | NHM | 16500 | 4 | 03 (01-PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | - | 1 | - | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 3 | Nursing Officer | NMHP | 16500 | 1 | - | - | 1 | - | BSC Nursing & Live registration in CG Nursing Council |
| 4 | Nursing Officer **(FMR CODE- 185.1.1.2)** | Trauma & Emergency | 16500 | 1 | 1 | - | - | - | BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 5 | Sr. Nursing Officer | NMHP | 31500 | 1 | 1 | - | - | - | एम.एस.सी साइकेट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साइकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड अनिवार्य) |
| 6 | RMA | NHM | 22000 | 7 (1 PWBD OL,LC, AAV,DW,HH) | 4 (F-1) | 2 | 1 | - | Practitioner In Modern And Holistic Medicine (PMHM) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण तथा छ.ग. चिकित्सा मंडल द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 7 | Staff Nurse - SNCU | SNCU | 16000 | 8 | 7 (F-2) (03-PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | - | - | 1 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 8 | Staff Nurse - NBSU | NBSU | 16000 | 3 | 1 | 1 | - | 1 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 9 | Staff Nurse (12 Beded HDU/ICU) | PICU/HDU | 16500 | 12 | 8 (F-2) | 2 | 1 | 1 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 10 | Staff Nurse (Pediatric Ward 30 Beded) | PICU/HDU | 16500 | 15 (01-PWBD OL,LC, AAV,DW ,HH) | 10 (F-3) | 2 | 1 | 2 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |

| Sr. No. | Name of post | Name of programme | Salary per Month | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Nursing Officer | NPHCE | 16500 | 12 | 8 (F-2) | 2 | 1 | 1 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 12 | Laboratory Technicians | NPHCE | 14000 | 1 | 1 | - | - | - | D.M.L.T/ B.M.L.T./ Paramedical Course in Pathology with registration in CG paramedical Council |
| 13 | Physiotherapist | NPHCE | 18000 | 2 | 1 | - | 1 | - | Bachelor's Degree in Physiotherapist (B.P.T.) |
| 14 | Audiologist | NPHCE | 25000 | 1 | 1 | - | - | - | Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/B.S.C. (Speech and Hearing) from RCI recognized institute. |
| 15 | Counselor | NPHCE | 12000 | 1 | 1 | - | - | - | PG Degree/Diploma in Psychology/Counseling/Health education/Mass Communication./Social Science |
| 16 | Community Health Officer | AAM/HWC | 16500 | 52 (03 PWBD OL,LC, AAV,DW ,HH) | 34 (F-10) | 9 (F-2) | 2 | 7 (F-2) | BSc.Nursing Certificate in Community Health Intergrated Course with Live Registration Councill Or Post Basic BSc.Nursing Certificate in Community Health Intergrated Course with Live Nursing Registration Councill |
| 17 | Nursing Officer - ICU (Nurses in Emergency care ) | ICU | 16500 | 1 | - | - | 1 | - | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 18 | Nursing Officer **(FMR CODE-185.1.20.2)** | Trauma & Emergency | 16500 | 2 | - | 1 | - | 1 | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 19 | Radiographer | NHM | 15000 | 1 | 1 | - | - | - | 1. 10+2 पध्दति में 12 वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. क्ष–किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छ. ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>3. छ.ग. पैरामेडिकल कौंसिल से रेडियोग्राफर /क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए। |
| 20 | Support Staff (Housekeeping staff) | ICU | 8800 | 3 | 2 | - | - | 1 | 8th Passed |
| 21 | ANM - NUHM | NUHM | 12000 | 12 | 10 (05 PWBD OL,LV, OA,DW, HH,AAV, LC) | 2 (01 PWBD OL,LV, OA,DW ,HH, AAV,LC ) | - | - | 12th Passed, ANM Passed from INC affiliated Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. |

| Sr. No. | Name of post | Name of programme | Salary per Month | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Nursing Officer - UHWC | NUHM | 16500 | 7 | 6 (F-1) (04 PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | - | - | 01 (PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council. **(Final Merit List prepared on the basis of order priority. like 1&02)** |
| 23 | Nursing Officer - NUHM | NUHM | 16500 | 6 | 01 (PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | 1 | 2 (01 PWBD OL,LC, AAV,D W,HH) | 2 (01 PWBD OL,LC, AAV,DW, HH) | BSC Nursing/Post Basic BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council |
| 24 | MPW (Male) - UHWC | NUHM | 14000 | 16 | 9 (04 PWBD OL,LV, OA,DW, HH,AAV, LC) | 2 (01 PWBD OL,LV, OA,DW ,HH, AAV, LC) | 3 | 2 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+02) examination with Biology subject.) One year Diploma in Multipurpose Worker Training or equivalent training from training center recognized by the State Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. |
| 25 | Jr. Secretrial Assistant (PADA) | NHM | 12000 | 2 | 1 | - | 1 | - | 12th Passed with at least 01 year computer diploma |
| 26 | Secretrial Assistant - NUHM | NUHM | 13650 | 1 | - | - | 1 | - | Bachelor Degree in any discipline with One year Computer Diploma from recognized University/ Institute. |
| 27 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | NUHM | 12000 | 8 | 6 (F-1) | - | 1 | 1 | 12th Passed with at least 01 year computer diploma |
| 28 | Class - IV - NUHM | NUHM | 10000 | 4 | 3 (01 PWBD AAV,DW, LC,OA, OL,OAL) | - | - | 1 | 10th passed |
| 29 | Class - IV - UHWC | NUHM | 10000 | 7 | 4 (03 PWBD AAV,DW ,LC,OA, OL,OAL) | 2 | - | 1 | 10th passed |
| 30 | Clinical Phycologist | Tele Manas | 31500 | 01 | - | - | **01 ST (Baclo g)** | - | 1 एम फिल क्लिनिकल साईकोलॉजी यदि योग्यता न होने की दशा में एम. एस.सी. साईकोलॉजी/एम.एस.सी. रिहेबिलिटेशन साइकोलॉजी/एम.ए. साईकोलॉजी, रिहेबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्ट्रेशन होना अनिवाग्र है के साथ दो वर्ष का मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव। 2 अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ, (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी। |

# मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत रिक्त पदों को विवरण निम्नानुसार है।

| Sr. No. | Name of post | Name of programme | Salary per Month | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Data Handler | MSSK | 12000 | 4 | 4 (F-1) | - | - | - | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/बोर्ड द्वारा 12वी (10+2) उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10 वी बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी बोर्ड में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।<br>2. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा।<br>3. कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।<br>4. Data Entry & Handling में 02 वर्ष का कार्यअनुभव। |
| 2 | Cold Chain & Logistic Assistat | MSSK | 12000 | 5 | 4 (F-1) | - | 1 | - | 1. विज्ञान विषय में 10+2शिक्षा पद्धती में उत्तीर्ण। एवं<br>2. आई.टी.आई. से प्रशीतन एवं वातानुकुलन (रेफ्रिजरेट एवं एयर कंडिशनिंग) में प्रमाण–पत्र या प्रशीतन एवं वातानुकूलन में डिप्लोमा। |
| 3 | Class-4 | MSSK | 10000 | 3 | 2 | - | 1 | - | आठवी उत्तीर्ण एवं 02 वर्ष का कार्य अनुभव। |

टीप :–

**1. मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पदों के वेतन का भुगतान राज्य बजट से किया जावेगा तथा भर्ती नियम एवं सेवा शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. का मान्य होगा।**

**2. उक्त 33 प्रकार के पदों के पदवार रिक्तियों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है।**

**PWBD ;– Person with Benchmark Disability**

**Types :- OL – One Leg, LC- Leprosy Cured, OA – One Arm, F– Female, AAV- Acid Attack Victim, DW- Dwarfism, HH- Hearing Handicapped, LV- Low Vision, OAL- One Arm and One Leg**

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी रायपुर जिले की वेबसाईट www.raipur.gov.in में देखा जा सकता है।

**उक्त 33 प्रकार के पदों के वाक–इन हेतु समय सारिणी निम्नानुसार है। :–**

**कौशल परीक्षा वाले पदों की समय सारिणी :–**

| S.N. | Programme | Post Name | Vacant | वाक इन हेतु विवरण | वाक इन दिनांक एवं दिन | वाक इन हेतु केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NUHM | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | 8 | रजिस्ट्रेशन पात्र/अपात्र की सूची, मेरिट सूची, कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थीयो की सूची तथा दस्तावेज परीक्षण | 28-07-2026 (मंगलवार) | **शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)** रिपोर्टिंग समय प्रातः 09.00 बजे तक (निर्धारित समय के आधा घण्टा पुर्व अनिवार्य रूप से उपस्थिती देना सुनिश्चित करेगें।) |
| | | | | कौशल परीक्षा | 29-07-2026 (बुधवार) | |
| 2. | NUHM | Secretrial Assistant - NUHM | 1 | रजिस्ट्रेशन पात्र/अपात्र की सूची, मेरिट सूची, कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थीयो की सूची तथा दस्तावेज परीक्षण | 29-07-2026 (बुधवार) | |
| | | | | कौशल परीक्षा | 30-07-2026 (गुरूवार) | |
| 3. | NHM | Jr. Secretrial Assistant (PADA) | 2 | रजिस्ट्रेशन पात्र/अपात्र की सूची, मेरिट सूची, कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थीयो की सूची तथा दस्तावेज परीक्षण | 29-07-2026 (बुधवार) | |
| | | | | कौशल परीक्षा | 30-07-2026 (गुरूवार) | |
| 4. | MSSK | Data Handler | 4 | रजिस्ट्रेशन पात्र/अपात्र की सूची, मेरिट सूची, कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थीयो की सूची तथा दस्तावेज परीक्षण | 29-07-2026 (बुधवार) | |
| | | | | कौशल परीक्षा | 30-07-2026 (गुरूवार) | |

## शेष पदों की समय सारिणी :–

| S.N. | Programme | Post Name | Vacant | वाक इन का प्रकार (लिखित परीक्षा/इन्टरव्यू) | वाक इन दिनांक एवं दिन | वाक इन हेतु केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | AAM/HWC | Community Health Officer | 52 | Written Exam | 03.08.2026 (सोमवार) | शासकीय नर्सिंग कॉलेज, पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविघालय, रायपुर (छ.ग.) |
| 6. | NUHM | MPW (Male) - UHWC | 16 | Written Exam | 05-08-2026 (बुधवार) | |
| 7. | NUHM | Class - IV - NUHM | 4 | Merit | 06-08-2026 (गुरूवार) | |
| 8. | NUHM | Class - IV - UHWC | 7 | Merit | | |
| 9. | NHM | 2nd ANM | 2 | Written Exam | 07-08-2026 (शुक्रवार) | |
| 10. | NPHCE | Laboratory Technicians | 1 | Written Exam | | |
| 11. | NPHCE | Physiotherapist | 2 | Written Exam | | |
| 12. | NPHCE | Audiologist | 1 | Written Exam | 10-08-2026 (सोमवार) | |
| 13. | MSSK | Class-4 | 3 | Merit | | |
| 14. | NPHCE | Counselor | 1 | Written Exam | | |
| 15 | PICU/HDU | Staff Nurse (Pediatric Ward 30 Beded) | 15 | Written Exam | 11-08-2026 (मंगलवार) | |
| 16 | NPHCE | Nursing Officer | 12 | Written Exam | 13-08-2026 (गुरूवार) | |
| 17 | SNCU | Staff Nurse - SNCU | 8 | Written Exam | 14-08-2026 (शुक्रवार) | |
| 18 | Trauma & Emergency **(FMR CODE-185.1.1.2)** | Nursing Officer | 1 | Written Exam | 17-08-2026 (सोमवार) | |
| 19 | NMHP | Sr. Nursing Officer | 1 | Written Exam | | |
| 20 | NHM | Nursing Officer | 4 | Written Exam | 18-08-2026 (मंगलवार) | |
| 21 | NHM | RMA | 7 | Written Exam | | |
| 22 | NBSU | Staff Nurse - NBSU | 3 | Written Exam | 19-08-2026 (बुधवार) | |
| 23 | NUHM | ANM - NUHM | 12 | Written Exam | | |
| 24 | NHM | Radiographer | 1 | Written Exam | 20-08-2026 (गुरूवार) | |
| 25 | ICU | Support Staff (Housekeeping staff) | 3 | Merit | | |
| 26 | Tele Manas | Clinical Phycologist | 1 | Written Exam | 21-08-2026 (शुक्रवार) | |
| 27 | NUHM | Nursing Officer - UHWC | 7 | Written Exam | | |
| 28 | NUHM | Nursing Officer - NUHM | 6 | Written Exam | 24-08-2026 (सोमवार) | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | ICU | Nursing Officer - ICU | 1 | Written Exam | 25-08-2026 (मंगलवार) | शासकीय नर्सिंग कॉलेज, पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविघालय, रायपुर (छ.ग.) |
| 30 | Trauma & Emergency **(FMR CODE-185.1.20.2)** | Nursing Officer | 2 | Written Exam | | |
| 31 | PICU/HDU | Staff Nurse (12 Beded HDU/ICU) | 12 | Written Exam | 27-08-2026 (गुरूवार) | |
| 32 | NMHP | Nursing Officer | 1 | Written Exam | 31-08-2026 (सोमवार) | |
| 33 | MSSK | Cold Chain & Logistic Assistat | 5 | Written Exam | | |

**वाक–इन हेतु प्रत्येक दिवसों में निम्नानुसार समय सारिणी का पालन किया जावेगा।**

| क्र. | समय | भर्ती प्रक्रिया | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रातः 09.00 बजे से 11.00 बजे तक | रजिस्ट्रेशन एवं दस्तावेज सत्यापन | निर्धारित समयावधि उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। |
| 2. | प्रातः 11.00 बजे दोपहर 02.00 बजे तक | प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी | प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरान्त पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन परीक्षा केन्द्र के सूचना पटल में किया जावेगा। |
| 3. | दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक | दावा आपत्ति आमंत्रण | निर्धारित समयावधि उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। |
| 4. | दोपहर 03.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक | दावा आपत्ति में प्राप्त आवेदनों का निराकरण। | दावा आपत्ति निराकरण उपरान्त पात्र /अपात्र अभ्यार्थीयों एवं परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थीयों की सूची का प्रकाशन परीक्षा केन्द्र के सूचना पटल में किया जावेगा। |
| 5. | सायं 04.30 से 05.30 बजे तक परीक्षा | लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा | लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा का आयोजन परीक्षा केन्द्र में किया जावेगा। |

**टीप :–**

1. **चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में जानकारी असत्य पाये जाने पर पात्रता निरस्त कर दिया जायेगा।**
2. **चयन सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाईट www.raipur.gov.in में प्रकाशित किया जावेगा। इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थियों को अन्य किसी भी माध्यम से भर्ती संबंधी पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।**

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. यह पद पूर्णतः संविदा आधारित है, संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण व अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के नियम एवं शर्तों के अनुसार लागू होंगे।
2. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित जिले का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
4. एक से अधिक पदों में आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
5. उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु अनुभव शासकीय संस्थान, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं का ही मान्य होगा। अनुभव आवेदित पद के अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जावेगा।

5.1 आवेदित पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक अधिकतम 05 वर्ष का 10 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभव प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष का 15 अंक प्रदान किया जावेगा। ANM/GNM नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अनुभव के 4 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक दिया जाना प्रावधानित है। अनुभव पद के अनुरूप ही मान्य होगा।

5.2 सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक/एफ 9–33/2021/1/5 दिनांक 17.09.2021 के द्वारा गठित समिति के अनुशंसा के आधार पर छ.ग. राज्य शासन के निर्णयानुसार कोरोना वैशविक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्था में एवं 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 अंक बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा।

**(टीपः– कंडिका क्र. 5.1 एवं 5.2 में जिन अनुभव में अधिकतम अंक होगा उसके ही अंक को मान्य कर लाभ प्रदाय किया जावेगा।)**

6. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को संबंधित संस्थानों के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र साहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. प्रशासनिक कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में बदलाव किया जा सकता है। पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
8. चयन के उपरांत किसी आवेदक के द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो की गई नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।
9. आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्रों का सत्यापन जिला मुख्यालय में की जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।
10. विज्ञापन की तिथि में समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हतायें पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
11. उक्त भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों के योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा।
12. अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

**13. आवेदन शुल्क :–**

1. आवेदन शुल्क का विवरण निम्न प्रकार है :–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह<br><=25000 | मानदेय प्रतिमाह<br>>25000 |
|---|---|---|
| दिव्यांगजन/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित वर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

2. आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **जिला स्वास्थ्य समिति, रायपुर** के नाम से जारी डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नही होगा।
3. केवल **जिला स्वास्थ्य समिति, रायपुर** के नाम से जारी डिमांड ड्राप्ट को ही मान्य किया जावेगा, अन्य किसी भी नाम से जारी किये गये डिमांड ड्राप्ट मान्य नहीं होगें।
4. एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन एवं निर्धारित शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदन प्रारूप में डिमांड ड्राफ्ट का क्रमांक, दिनांक एवं राशि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
6. बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) के आवेदन करने पर आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।

**14. आयु सीमा :–**

1. संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष निर्धारित है।
2. आयु की गणना अनुबंध वर्ष दिनांक 01 जनवरी 2026 के अनुसार की जावेगी।

**15. संविदा अवधि एवं संविदा नियम :—**

1. संविदा सेवा की अवधि नियुक्ति दिनांक से 31 मार्च 2027 तक के लिये होगी। जो कि प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों/अधिकारियों का वार्षिक कार्यमूल्यांकन कर अनुसंशा, संविदा सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जा सकेगा।
2. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय या अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

**16. चयन की प्रक्रिया :—**

1. प्राप्त आवेदनों में से मेरिट अनुसार रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये गये संख्या अनुसार अभ्यर्थियों को पद अनुरूप दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/ हेतु आहूत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/ लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

2. **वाक—इन के दिन आवेदन प्रारूप के साथ मूल दस्तावेजों एवं सभी दस्तावेजों की एक स्व—प्रमाणित प्रति के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।** (आवेदन का प्रारूप विज्ञापन में संलग्न है।)

(1.) 8 वीं की अंकसूची। (सिर्फ चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु तथा जन्मतिथि प्रमाण हेतु)
(2.) 10वीं की अंकसूची जन्मतिथि प्रमाण हेतु।
(3.) 12वीं की अंकसूची।
(4.) निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की अंकसूची।
(5.) निर्धारित वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची।
(6.) छ.ग. काउंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना अनिवार्य है।
(7.) जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
(8.) सक्षम अधिकारी द्वारा वैध जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
(9.) छ.ग. राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र।
(10.) संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो (अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नही होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा।)
(11.) पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, वोटर आई.डी., पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि।)
(12.) डिमांड ड्राफ्ट निर्धारित शुल्क एवं नाम अनुसार ही मान्य होगा।

3. उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत ना करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरान्त किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

**17. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/ हेतु प्रवीण्य सूची :—**

अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी :—

1. शैक्षणिक योग्यता — अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षो के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत। ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत का 60 प्रतिशत।
2. अनुभव — अधिकतम 10/15 अंक, एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 03 अंक) तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 02 अंक)। ANM/GNM नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अनुभव के 4 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक दिया जाना प्रावधानित है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम/2018/591/922 रायपुर दिनांक 30.06.2018 के

परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में (प्रतिवर्ष 04 अंक) अनुभव हेतु अंक दिया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा ए.एन.एम. पदो के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठयक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। शासन के निर्देशानुसार मितानिनों का अनुभव राज्य स्तर से होने पर अधिकतम 20 अंक दिये जाने का प्रावधान है। विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होने के उपरांत ही किये गए कार्यों का कार्य अनुभव मान्य किया जावेगा। आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का वैद्य ई–मेल आईडी तथा दूरभाष संख्या अंकित होना अनिवर्य है। अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित पद का नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश तथा वेतनमान की प्रति देना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुभव का अंक अमान्य किया जायेगा।

3. लिखित/कौशल परीक्षा – 20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कौशल परीक्षा ली जावेगी।
4. अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंकों (20 अंक) का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा तथा अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के लिए विज्ञापित रिक्तियों में इन वर्गों के लिए न्युनतम अर्हक अंक 20 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यार्थी को अपात्र माना जावेगा।
5. विज्ञापन के पद क्रमांक **Class - IV – NUHM, Class - IV – UHWC, Support Staff (Housekeeping staff ICU)** एवं **Class-4 (Mssk)** हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के 85 प्रतिशत लिया जावेगा तथा अनुभव हेतु 10/15 (अधिकतम 05 वर्ष के लिए NHM में कार्यरत अभ्यार्थियों को अधिकतम 15 अंक प्रतिवर्ष हेतु 03 अंक अन्य शासकीय संस्थाओं के अनुभव रखने वाले अभ्यार्थियों हेतु अधिकतम 10 अंक प्रतिवर्ष हेतु 02 अंक)
6. एक से अधिक प्रकार के अनुभवों में अधिकतम अंक वाले अनुभव का लाभ दिया जावेगा।
7. लिखित परीक्षा/ हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंक के योग के आधार पर अभ्यर्थियों को मेरिटक्रम अनसुार आमंत्रित किया जावेगा।
8. अंतिम चयन सूची शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के अंक एवं लिखित/कौशल परीक्षा/ के अंक के योग के आधार मेरिटक्रम अनुसार तैयार किया जावेगा। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी उपस्थित नही होता है, तो उनकी दावेदारी निरस्त कर दी जावेगी।
9. प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा। ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरें जा सके।
10. अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से आगामी न्यूनतम एक वर्ष तक या नवीन विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।

**18. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश :–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित काउंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।
3. जिन पदों की शैक्षणिक योग्यता या अंकसूची में ग्रेड अंकित है, ऐसे अभ्यर्थियों को अपने शिक्षण संस्थान के सक्षम अधिकारी के द्वारा प्राप्तांक एवं पूर्णांक की गणना अंकों में आवेदन प्रारूप में अंकित किया जाना अनिवार्य है।
4. विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो जाते है तो उनके चयन की प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :–
    1. शैक्षणिक योग्यता का भारांश अंक

2. कौशल परीक्षा के अंक
3. आयु (अधिक आयु वाले आवेदकों को प्राथमिकता दिया जावेगा)

5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
7. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. शासन द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा भर्ती पर लागू होने वाले, समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत उक्त नियुक्ति एवं चयन की प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।
10. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा। जो सर्वमान्य होगा।

(चयन समिति द्वारा अनुमोदित।)

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–रायपुर (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट
साईज फोटा
स्वप्रमाणित
हस्ताक्षर सहित

**प्रति,**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
जिला–रायपुर (छ.ग.)

आवेदित पद का पूरा नाम (Name Of Post)..........................................................................

कार्यक्रम का नाम (जिसके तहत् आवेदन किया जा रहा है।(Name Of Programme) ..........................................

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में) : ..........................................
2. पिता/पति का नाम : ..........................................
3. माता का नाम : ..........................................
4. (अ) जन्म तिथि (अंकों में) : ..........................................
   (ब) आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति में वर्ष ................ माह ................दिन .............
5. जाति (सामान्य/अनु.जाति./जनजाति/अ.पि.वर्ग) : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नही : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
7. क्या आवेदक दिव्यांग है ? (हॉ/नहीं) : ..........................................
   7.1 दिव्यांगता का प्रतिशत (यदि लागू हो तो।) : ..........................................
   7.2 दिव्यांगता का प्रकार (यदि लागू हो तो।) : ..........................................
8. भूतपूर्व सैनिक हॉ/नही : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
9. स्थायी निवास का पता : ..........................................
   : ..........................................
   : ..........................................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता : ..........................................
    : ..........................................
    : ..........................................
    **मोबाईल/दूरभाष नं.** ..........................................
    **ई–मेल आईडी**..........................................
11. मेडिकल/पैरामेडिकल/नर्सिंग कौंसिल का नाम : ..........................................
    पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (यदि लागू हो तो।) : ..........................................

**क्रमशः....2**

12. शैक्षणिक योग्यता : **(वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावे।)**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि./संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक /पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. अनुभव –(केवल शासकीय संस्थान, अर्धशासकीय एवं शासकीय वित्तपोषित संस्था द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के आधार पर पूर्ण कालिक ही मान्य होंगें। )

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | वेतनमान | कार्यकाल (कब से कब तक तक) | अनुभव वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | **कुल अनुभव वर्ष/माह :–** | |

14. डिमांड ड्राप्ट की जानकारी :–

1. बैंक का नाम .................................................... 2. डी.डी. की राशि ....................................................

2. डी.डी. क्रमांक.................................................... 4. डी.डी. दिनांक ....................................................

15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्व–प्रमाणित) :–

1. .................................... 2. .................................... 3. ....................................

4. .................................... 5. .................................... 6. ....................................

7.................................... 8. .................................... 9. ....................................

10.................................... 11. ....................................12. ....................................

**आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर**

<u>**घोषणा पत्र**</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है। यदि कोई भी जानकारी/अभिलेख असत्य पाई जाती है तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी एवं मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। जिसके विरूद्ध दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नही होगा।

स्थान :– ....................................

दिनांक :– ..................................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला रायपुर (छ.ग.)

(E-mail :- cmho_raipur@yahoo.co.in) Ph. 0771-2543092, 2543084


क्रमांक / एन.एच.एम. / 2026 / 22454 रायपुर, दिनांकः 17/07/2026

प्रति,

**जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी,**
एन.आई.सी. कलेक्ट्रेट परिसर, रायपुर (छ.ग.)

**विषय :– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय रिक्त संविदा 33 प्रकार के विभिन्न पदों के विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।**

—00—

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिले की स्वीकृत ROP 2025-26 के रिक्त संविदा 33 प्रकार के विभिन्न पदों का विज्ञापन प्रकाशन किया जाना है।

अतः उपरोक्त विज्ञापन को जिले की वेब साईड **www.raipur.gov.in** में अपलोड कराने का कष्ट करेंगे।

संलग्न : विज्ञापन।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– रायपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / एन.एच.एम. / 2026 / 22455-61 रायपुर, दिनांकः 17/07/2026

प्रतिलिपि :–

1 संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इंद्रावती भवन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2 मिशन संचालक (NHM), सेक्टर 19, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3 कलेक्टर, जिला रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
5 श्री उत्तम रजक, डिप्टी कलेक्टर सह अध्यक्ष चयन समिति, जिला रायपुर की ओर सूचनार्थ।
6 समस्त चयन समिती सदस्यों की ओर सूचनार्थ।
7 कार्यालयीन प्रति।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– रायपुर (छ.ग.)